Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Viksit Bharat @ 2047

Essay Competition

23.01.2024

विकसित भारत @ 2047- युवाओं की आवाज" अभियान के तहत श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना में जागरूकता सत्र तथा निबंध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए कॉलेज के इस अभियान के नोडल ऑफिसर श्री आदित्य भारद्वाज ने भारत सरकार द्वारा लॉन्च किये गये इस अभियान के बारे में छात्राओं को अवगत करवाते हुए अपने विचारों को सरकार तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया. इस प्रतियोगिता के तहत इंटरमीडिएट से लेकर पीजी तक की क़रीब चालीस छात्राओं ने विकसित भारत के लिए शिक्षा , स्वास्थ्य, पर्यावरण, आदि विषयों पर अपने विचार और सुझाव लिखें.

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को राष्ट्र के भविष्य-निर्माण में अपनी भूमिका के बारे में जानकारी मिलेगी. श्री गोपाल कुमार ने इस प्रतियोगिता में सक्रिय भूमिका निभाई.



कैंपस एक्टिविटी

निबंध लेखन के लिए 26 को सम्मान

पटना. श्रीअरविंद महिला कॉलेज में जागरूकता सत्र के साथ निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी. कॉलेज में इस अभियान के नोडल ऑफिसर आदित्य भारद्वाज ने केंद्र सरकार की ओर से लॉन्च किये गये इस अभियान के बारे में छात्राओं को अवगत कराया. निबंध लेखन प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट से लेकर पीजी तक की 40 छात्राओं ने विकसित भारत के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि विषयों पर अपने विचार और सुझाव लिखे. प्रत्येक विषय पर सर्वश्रेष्ठ निबंध को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जायेगा.

प्रभात खबर

Wed, 24 January 2024

https://epaper.prabhatkhabar